# लूणकरनसर क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण कर ग्रामीणों को अनेक सौगातें दी।

गोदारा ने कल्याणसर में 35 लाख रूपए की लागत से बने नए ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत भवन बनने से आमजन को लाभ होगा और उनके कार्य अधिक आसानी से हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत के कार्मिक राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाएं। गोदारा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास को राज्य सरकार प्राथमिकता दे रही है। सरकार का संकल्प है कि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाए। इसके लिए सतत कार्य किए जा रहे हैं।

खाद्य मंत्री ने नापासर हॉस्पिटल चौराहे से सींथल रोड तथा एसबीआई चौराहे से रामसर तक 40 लाख रूपए की लागत से बनी 1.50 किलोमीटर लम्बी रोड भी आमजन को समर्पित की। उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास का आईना होता है। इनसे आमजन का आवागमन सुलभ होता है और उनके कार्यों में ऊर्जा एवं समय की बचत होती है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले डेढ़ साल में सड़कों का जाल बिछाया गया है। उन्होंने शिक्षित एवं विकसित लूणकरनसर का संकल्प दोहराया और कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जायेंगे।

उन्होंने रामसर से मूंडसर तक 1.05 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय लोगों को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने मूंडसर में नवनिर्मित ट्यूबवैल का लोकार्पण किया और कहा कि इससे स्थानीय लोगों को पर्याप्त पेयजल मिल सकेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने इस दौरान रामसर और सूरतसिंहपुरा में पचपन-पचपन लाख रूपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्रों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने में राजस्थान, देश में सिरमौर है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि प्रत्येक प्रदेशवासी को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले। इसके मद्देनजर गांव-गांव में चिकित्सा सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने यहां पेयजल पाइपलाइन का लोकार्पण भी किया और कहा कि गांव-गांव और ढाणी-ढाणी तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति की दिशा में भी सरकार संकल्पबद्धता से कार्य कर रही है। जल जीवन मिशन ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

खाद्य मंत्री ने सूरतसिंहपुरा में 225 लाख रूपए की लागत से बनने वाले राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने बेटियों को पढ़ाने की पैरवी की और कहा कि बेटियां पढ़ेंगी तो आशियाने संवरेंगे। खाद्य मंत्री ने भवन निर्माण कार्य समय पर करवाने के निर्देश दिए और कहा कि शिक्षक प्रयास करें कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित नहीं रहे। क्षेत्र को शत प्रतिशत शिक्षित बनाने की दिशा में समन्वित कार्य किए जाएं। रामसर गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिए हनुमान कस्वा ने 2 बीघा भूमि दान दी। इसके लिए मंत्री गोदारा ने भामाशाह का आभार जताया और कहा कि कस्वा की पहल से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कस्वा को साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया।

नापासर कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने नापासर के हरिरामपुरा में दो किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दीपावली से पूर्व यह कार्य करवा दिया जायेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री गोदारा का अभिनंदन किया। इस दौरान बीकानेर पंचायत समिति प्रधान राजकुमार कस्वा, पंचायत समिति सदस्य अर्जुन मेघवाल, दीनदयाल भाटी, जसवंत दैया, बम्बलू सरपंच हेतराम कूकणा, हेमेरा सरपंच गणपत गोदारा, कल्याणसर सरपंच हरिराम पड़िहार, उप सरपंच दुर्जनसिंह चौहान, रामधन कस्वा, रामनिवास कस्वा मौजूद थे।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र के कल्याणसर में बने नए ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया।

- **नापासर हॉस्पिटल चौराहे से सींथल रोड तथा एसबीआई चौराहे से रामसर तक 40 लाख रूपए की लागत से बनी 1.50 किलोमीटर लम्बी रोड भी आमजन को समर्पित की**

## गंगानगर जिला प्रमुख के लिए उपचुनाव 10 को

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला परिषद में जिला प्रमुख पद के लिए उपचुनाव 10 जून को होगा। इसकी अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है और अब चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

यह चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब जिला परिषद के एक सदस्यीय वार्ड-जोन संख्या 16 में भी 8 जून को उपचुनाव होना है। इसी सीट पर भाजपा सदस्य की मृत्यु के कारण रिक्त हुई थी। ऐसे में जिला परिषद सदस्य का चुनाव होने के बाद जिला प्रमुख का चुनाव होगा। जिला परिषद में कुल 31 सदस्यीय सीटें हैं, जिनमें वर्तमान में कांग्रेस के 24, भाजपा के 4, सीपीआई के 2 सदस्य हैं और एक सीट रिक्त है। यह रिक्त सीट जोन संख्या 16 की है, जहां 8 जून को मतदान होगा। इस चुनाव के नतीजे 9 जून को सुबह 9 बजे जिला मुख्यालय पर घोषित किए जायेंगे। मतगणना के लिए 5 टेबल निर्धारित की गई हैं।

जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद 16 जून 2024 को यह पद रिक्त हो गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने अंतरिम रूप से जिला प्रमुख के रूप में कविता रेगर को मनोनीत किया था, लेकिन अब नियमानुसार इस पद के लिए विधिवत चुनाव कराया जा रहा है।

कांग्रेस के पास 24 सदस्य हैं, जो पूर्ण बहुमत से अधिक है। ऐसे में यह लगभग तय माना जा रहा है कि कांग्रेस का ही जिला प्रमुख चुना जायेगा। पार्टी में अनुसूचित जाति वर्ग से कई नाम दावेदार के रूप में सामने आये हैं और सक्रियता से अपने-अपने स्तर पर लॉबिंग में लगे हैं।

## सार-समाचार

### निर्जला एकादशी पर जल सेवा की

**निर्जला एकादशी पर स्काउट गाइड एवं करूणा क्लब टीम ने जल सेवा कार्य कर पुण्य कमाया।**

**बीकानेर,** (कासं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तत्वावधान एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड एवं करूणा इंटरनेशनल बीकानेर टीम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर शहर के प्रमुख मंदिर श्री लक्ष्मीनाथ के पास जल एवं जन सेवा कार्य शीतला गेट स्थित शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय के स्काउट गाइड एवं करूणा क्लब टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मंडल मुख्यालय बीकानेर के सी ओ स्काउट जसवंत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि शाला की यह गतिविधि बहुत ही सराहनीय है। इस संपूर्ण आयोजन के संयोजक रमेश कुमार मोदी ने बताया कि इसमें गाइड शैली सोलंकी, साक्षी बडगुजर, योगिता सोलंकी, दीपिका, अक्षरा टाक आदि ने अपनी सेवा दी। साथ ही स्काउट गाइड बालक बालिकाओं द्वारा लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में भी जन सेवा कार्य किया गया। जिसमें श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर पर्यावरण समिति के सचिव सीताराम कच्छावा के सानिध्य में स्काउट विद्यार्थियों जिसमें रोहित गोदारा, तेजवीर चौधरी, मालचंद दैय्या, ललित सोलंकी, सुमित सुथार, जितेंद्र गुप्ता आदि ने जूता स्टैंड एवं लाइन बनाने में कतारों में चल रहे लोगों को जल सेवा आदि में सहयोग प्रदान किया। शाला प्रधान हनुमान छींपा ने बताया कि इस प्रकार के पुनीत एवं सेवा कार्य हेतु शाला की टीम प्रातःकाल से दिनभर तपती हुई धूप में भी कार्यरत रह रही है। शाला के करूणा क्लब प्रभारी सौरभ बजाज ने सभी विद्यार्थियों को सेवा कार्यों हेतु आभार एवं अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### महंत प्रकाशदास महाराज का सम्मान

**बीकानेर,** (कासं)। शहर की विनोबा बस्ती स्थित श्री श्याम सांगलिया धूणी, मावा (डीडवाना-कुचामन) में प्रतिष्ठित महंत प्रकाशदास महाराज का बीकानेर आगमन पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह का आयोजन वाल्मीकि यूथ क्लब द्वारा किया गया। वाल्मीकि यूथ क्लब के प्रदेशाध्यक्ष राहुल जादुसंगत ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज को शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने और संत परंपरा के महत्व को उजागर करने हेतु आयोजित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए महंत प्रकाशदास महाराज ने कहा कि समाज का वास्तविक विकास केवल शिक्षा से ही संभव है। हमें अंधविश्वास, अशिक्षा और रूढ़िवादिता से ऊपर उठकर समाज में ज्ञान और जागरूकता की ज्योति जलानी चाहिए। शहर उपाध्यक्ष राहुल बिंवाल ने बताया कि इस अवसर पर महंत प्रकाशदास महाराज का पारंपरिक रूप से सम्मान किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह, श्रीफल, शॉल और पुष्पमालाओं से अलंकृत कर भावभीना स्वागत किया गया। समारोह में क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महासचिव सुनील चांवरिया, राहुल बिवांल, विजय पंडित, विनोद चांवरिया, राकेश पंडित, सुरेन्द्र पंडित, सतपाल गुद, क्लब के संगठन महासचिव शहर तरूण पंडित, मोहित पंडित, डॉ. मैनाराम बारासा, प्रहलाद लोहारा, तुलसीराम चांवरिया, यश जादुसंगत सहित अन्य सदस्यों ने महंत का माला पहनाकर अभिनंदन किया।

# मलबा नहीं हटने से मदान मार्केट में ब्लास्ट मामले की जांच अटकी

**बीकानेर,**(कासं)। सिटी कोतवाली पुलिस थाने के सामने पांच मंजिला मदान मार्केट के बेसमेंट में ब्लास्ट से 11 लोगों की मौत की जांच अटक गई है। हादसे के एक माह बाद भी मौके से मलबा नहीं हटाया गया है जिससे पुलिस बेसमेंट में जांच-पड़ताल नहीं कर सकी।

7 मई को सिटी कोतवाली पुलिस थाने के सामने मदान मार्केट के बेसमेंट में गैस सिलेंडर लीक होने से ब्लास्ट हुआ और दुकानों की पट्टियां गिर गई थी। इससे वहां मौजूद लोग मलबे में दब गए और 11 लोगों की मौत हो गई थी। आईजी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी गठित की थी और 15 दिन में जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा था। लेकिन हादसे के एक माह बाद भी दोषी लोगों पर कार्यवाही नहीं हो पाई है, बल्कि पुलिस की जांच ही अटक गई है।

- **मदान मार्केट के बेसमेंट में गैस सिलेंडर लीक होने से ब्लास्ट से 11 लोगों की मौत हो गई थी**
- **हादसे के एक माह बाद भी बेसमेंट से मलबा नहीं हटाये जाने से पुलिस जांच नहीं कर सकी**

प्रशासन की ओर से अब तक मौके से मलबा ही नहीं हटाया गया। बेसमेंट में मलबा पड़ा होने के कारण पुलिस वहां छानबीन नहीं कर सकी और जांच अटकी पड़ी है। मार्केट में ज्यादातर दुकानें ज्वैलरी की थी। हादसे होने पर दबे लोगों के शव निकालने के दौरान एसडीआरएफ को पुलिस को सोने-चांदी के जेवरात बरामद भी हुए।

एक तिजोरी भी मिली जिसे उसके मालिक को दिया गया। लेकिन संबंधित लोगों का कहना है कि अब भी बेसमेंट में उनका माल दबा पड़ा है जो मलबा हटाने पर ही सामने आयेगा। पुलिस को मलबा हटने का इंतजार है और इसके लिए नगर निगम को बार-बार पत्र भी लिखे गए हैं।

जिस मदान मार्केट में ब्लास्ट से हादसा हुआ वह नगर निगम के रिकॉर्ड में ही नहीं है। उसका मालिक कौन है, इसका भी स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने हादसे के बाद नगर निगम को पत्र लिखकर मदान मार्केट के मालिक, भवन निर्माण की अनुमति, सुरक्षा सहित सात बिन्दुओं पर जानकारी मांगी थी।

## 56 ग्राम एमडी सहित 5 तस्कर दबोचे

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने पारवा टोल के पास से एक बड़ी कार्रवाई में नशीले पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़ किया। नोखा थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की स्विफ्ट कार से 56.1 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है।

इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नागौर के मेड़ता रोड़ निवासी 20 वर्षीय रवि विश्नोई, बीकानेर के पांचू थाना क्षेत्र के कुदसू निवासी 24 वर्षीय संदीप खदाव और 24 वर्षीय आदेश भादु, 22 वर्षीय विरेन्द्र तथा नोखा की 24 वर्षीय पूजा तावणिया शामिल हैं। थानाधिकारी जसरासर संदीप पूनिया के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दो करोड़ की रंगदारी में मुनीम का भाई गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सदर पुलिस ने व्यापारी से 2 करोड़ रंगदारी मांगने के मामले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

आरोपी विशाल निवासी 12 जैड फिरौती गैंग के मास्टरमाइंड मुनीम श्यामसुंदर स्वामी का भाई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार विशाल लेनदेन में मध्यस्थता कर रहा था। इस मामले में अब तक कुल 5 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें से तीन आरोपी एक ही परिवार के हैं। व्यापारी के मुनीम श्यामसुंदर के साथ उसका भाई विशाल और भतीजा नीरज स्वामी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।

चार आरोपियों राजकुमार उर्फ रॉकेट निवासी चक 5 एमएल, कुलदीप कुमार निवासी 15 जैड, श्यामसुन्दर निवासी 12 जैड तथा नीरज स्वामी निवासी 12 जैड हाल विकासपुरी कॉलोनी को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पहले से गिरफ्तार चारों लोगों को 9 जून तक रिमांड पर लिया गया है। सदर थाना प्रभारी सुभाषचंद्र ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपियों से कई खुलासे होने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि आरोपी लॉरेंस गैंग के नाम पर व्यापारी से रंगदारी मांग रहे थे। इंटरनेशनल कॉल करने के लिए इंटरनेट का सहारा लिया था। ऐसे में पुलिस तकनीकी पहलुओं पर जांच कर रही है। इसके अलावा यह भी देखा जा रहा है कि आरोपियों का वास्तव में लॉरेंस गिरोह से किसी तरह का लिंक है। बुधवार को गिरफ्तार किए गए आरोपियों से रंगदारी के तौर पर लिए गए 5 लाख रुपए और एक फॉरच्यूनर कार भी जब्त की गई थी।

- **फिरौती गैंग के मास्टरमाइंड मुनीम श्यामसुंदर स्वामी का भाई है**

## कुत्तों के हमले में हिरण घायल

**नोखा,** (कासं)। सेंगाल धोरा में कुत्तों ने एक हिरण को घायल कर दिया। दिनेश शर्मा और दानाराम डूडी ने हिरण को कुत्तों से बचाया। उन्होंने वन्य जीव प्रेमी बजरंग चिताणा को इसकी सूचना दी। डॉ. मदन सारण और गणपत सोनी की मदद से घायल हिरण कोनोखा स्थित वन विभाग की टीम तक पहुंचाया। गया। इसी तरह कंवलीसर में भी आवारा कुत्तों ने एक अन्य हिरण पर हमला किया।

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम अश्वनी कुमार (ASHWANI KUMAR) पुत्र रामस्वरूप जोशी निवासी पेड़िवाल स्ट्रीट, पारीक चौक बीकानेर है। जिसे बदल कर मैंने अपना नाम अश्वनी कुमार से अश्वनी कुमार जोशी (ASHWANI KUMAR JOSHI) रख लिया है। भविष्य में मुझे (ASHWANI KUMAR JOSHI) अश्वनीकुमार जोशी नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाएं।

अश्वनी कुमार जोशी
मो.9022766869

# लकड़ी माफिया पर कार्रवाई, 4 गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (कासं)। सदर थाना पुलिस ने पर्यावरण कार्यकर्ताओं पर हमले के मामले में चार आरोपियों को रात को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पर्यावरण प्रेमियों द्वारा धरने की चेतावनी के बाद की गई।

दरअसल एनएच- 62 पर स्थित गांव सरदारपुरा बीका बस स्टैंड के पास 1 जून की रात लकड़ी माफियाओं ने पर्यावरण प्रेमी हंसराज जाखड़ और उनके साथी पंकज पर हमला किया था। बीते 5 दिन से आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर गुस्साए पर्यावरण प्रेमियों ने शुक्रवार को ही दिन में उपखंड कार्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम संदीप काकड़ को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी थी कि रविवार तक अगर सदर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सोमवार से उपखंड कार्यालय पर धरना शुरू किया जायेगा। इसके बाद हरकत में आये पुलिस प्रशासन ने एक्शन लिया और रात्रि तक इस मामले मे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एएसआई राजकुमार ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा।

- **लकड़ी माफियाओं ने पर्यावरण प्रेमी हंसराज जाखड़ और उसके साथी पंकज पर हमला किया था**

## टैंट व्यापारी के घर चोरी

**नोखा,** (कासं)। कुम्हारों का चौक इलाके में एक टैंट मालिक के घर से लाखों रूपए और जेवरात चोरी का मामला सामने आया है। टैंट मालिक इंद्र प्रजापत काम के सिलसिले में सूरत गए थे। उनकी पत्नी भी गर्मी की छुट्टियों के कारण तीन दिन पहले अपने मायके गई हुई थी।

शनिवार को जब इंद्र प्रजापत घर लौटे तो उन्होंने देखा कि चोरों ने घर में सेंधमारी कर दी थी। चोर करीब सवा लाख रूपए नकद, सोने का रखड़ी सेट, चांदी का कड़ा और सिक्के ले गए। इंद्र प्रजापत ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इंद्र प्रजापत ने बताया कि उनके पड़ौस में भी पांच-सात दिन पहले इसी तरह की चोरी हुई थी। स्थानीय पार्षद देवकिशन चांडक ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

# प्रोपर्टी डीलर के घर फायरिंग के दो आरोपी और गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जवाहर नगर थाना क्षेत्र में प्रोपर्टी डीलर के घर पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। अब तक कुल आठ आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक व डीआईजी गौरव यादव ने बताया कि 27-28 मई की रात एक प्रतिष्ठित व्यापारी के घर पर फायरिंग हुई थी। इस पर जवाहरनगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। जांच उपनिरीक्षक बलवंत कुमार को सौंपी गई थी। पुलिस के अनुसार इससे पहले 24-25 मार्च की रात भी व्यापारी को धमकाने के लिए उसके घर के मुख्य दरवाजे पर दो कारतूस और धमकी भरा पत्र छोड़ा गया था।

- **फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी**
- **पुलिस अब तक 8 आरोपियों को पकड़ चुकी है**

पत्र में फिरौती नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। उस मामले में भी एफआईआर दर्ज हुई थी। इन दोनों मामलों के लिए थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम बनाई गई। इस टीम ने 5 जून को छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें प्रदीप सिंह उर्फ दीपा पुत्र बुधराम उर्फ निक्का, उम्र 21 वर्ष, निवासी गौशाला के पास, चमारखेड़ा हर्ष विश्नोई पुत्र सुरेश कुमार, उम्र 24 वर्ष, निवासी जम्भेश्वर मंदिर के सामने, चमारखेड़ा, ईशांत गोदारा पुत्र सुभाष चंद्र, उम्र 30 वर्ष, निवासी तरमाला, ढाणी खेत खुद, जिला मुक्तसर, पंजाब, शुभम खीचड़ पुत्र सुशील कुमार, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 14, बीगड़ रोड, फतेहाबाद, कुलदीप उर्फ सेठी पुत्र कृष्णलाल, उम्र 30 वर्ष, कपिल पुत्र विजय सिंह, उम्र 30 वर्ष, निवासी खेत खुद, शिवपुर हैड, फतूही शामिल हैं। ये सभी 12 जून तक पुलिस रिमांड पर हैं। 6 जून को पुलिस ने दो और आरोपियों हरप्रीत सिंह और भीमसेन उर्फ भानू को गिरफ्तार किया था।

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101360 **लोक सूचना** दिनांक : 13.05.2025

श्रीमती संजना जैन पत्नी श्री संजीव जैन निवासी 431 अग्रसेन नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 5 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्रीमती संजना जैन पत्नी श्री संजीव जैन | चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 06 के किला नं. 21/6 में 0.0181 है. यथाकुल 0.0181 हैक्टेयर | कुल 0.0181 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13.05.2025 को जारी की गयी। - प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.2.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रेमपाल सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह निवासी गांव 17 एस, करणपुर जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 बी छोटी मुरब्बा नं. 23 किला नं. 5 भू.सं. बी-03, माप 25 इंटू 62.6 फीट सांई इन्क्लेव, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का पट्टा सं. 5863 दिनांक 22.06.2017 को श्रीमती सुनीता रानी पत्नी श्री सुभाष बंसल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री प्रेमपाल सिंह द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 15.03.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री प्रेमपाल सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह निवासी गांव 17 एस, करणपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1433 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3742 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 19.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री चैनाराम एवं श्रीमती मैना देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार निवासी वीपीओ धोलीपाल वार्ड नं. 6, तहसील व जिला हनुमानगढ़ के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 17 किला नं. 15 भू.सं. ओ-18, माप 30 इंटू 60 फीट रिद्धि-सिद्धि-2, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का पट्टा सं. 416 दिनांक 12.10.2012 को श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र श्री मोहन लाल शर्मा के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि नामान्तरण उपरांत श्री अमनदीप गोयल पुत्र श्री रामलाल गोयल के नाम से न्यास रिकार्ड में दर्ज है। | श्री राजेन्द्र कुमार एवं श्रीमती मैना देवी द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 2.9.2015 के द्वारा क्रय कर उक्त नामांतरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री चैनाराम एवं श्रीमती मैना देवी पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार निवासी वीपीओ धोलीपाल वार्ड नं. 6, तहसील व जिला हनुमानगढ़ द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1445 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# ईद की नमाज के बाद खुतबा पढ़ा तथा देश में अमन-चैन की दुआ मांगी

**बीकानेर,**(कासं)। बड़ी ईदगाह में बड़े ही खुशनुमा माहौल में ईद की नमाज अदा की गई। शहर काजी जनाब शाहनवाज ने ईद की नमाज अदा करवाई।

ईदगाह कमेटी प्रवक्ता एन डी कादरी ने बताया कि जनाब शाहनवाज़ हुसैन ने ईद की नमाज के बाद खुतबा पढ़ा तथा देश में अमन-चैन बनाए रखने के लिए दुआ की। कादरी ने बताया कि इससे पहले मुदस्सिर नजमी ने कुर्बानी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कुर्बानी क्या है क्यों और किस तरह जारी हुई। इस बारें में इन्होंने विस्तार से बताया। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाफिज फरमान अली द्वारा मुल्क में अमन जैन भाईचारे के लिए दुआ करते हुए कहा कि सभी के लिए खुशहाली व तरक्की के लिए दुआ की गई।

बीकानेर में शहर काजी जनाब शाहनवाज़ हुसैन ने बड़ी ईदगाह में नमाज अदा कराई।

हाफिज फरमान अली ने कहा कि हमारे शहर बीकानेर की गंगा जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है। इससे हिन्दुस्तान के लोगों को सीख लेनी चाहिए। ईदगाह के आसपास हिन्दू भाई रहते जो ईद के समय एक मिसाल के रूप में आगे बढ़कर व्यवस्था करने में पूर्ण सहयोग करते हैं। इनको का बहुत आभार प्रकट करता हूं। यहां का प्रशासन पूरी तरह सहयोग करता रहा है। ईदगाह कमेटी के प्रवक्ता एन. डी. कादरी ने कहा कि हमारे शहर के प्रशासन का आभार प्रकट करते हैं जो समय- समय पर ऐसे सभी धर्म के तीज त्यौहार पर माकूल व्यवस्था बनाए रखने में भरपूर योगदान देते हैं।

शहर में आज भी दो त्योहार एक साथ बड़े ही भाईचारे की मिसाल निर्जला एकादशी भी मनाई जा रही है। सभी शहर वासियों को निर्जला एकादशी की बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं। यह दो दो त्योहार एक साथ शहर ए बीकाणा की गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल है।

- **बड़ी ईदगाह में बड़े ही खुशनुमा माहौल में ईद की नमाज अदा की गई**

## टैंकर ड्राइवर लापता, ससुर व साले पर शक

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 6 प्रेम नगर निवासी जयपाल 6 जून की सुबह 9 बजे से लापता है। जिसकी रिपोर्ट जयपाल की पत्नी मंजू ने अनूपगढ़ थाने में दर्ज कराई है।